

शमी से इसे लेकर बातचीत होनी चाहिए। कोशिश होनी चाहिए की वह अगले 3-4 साल खेलें। ऐसा करने के लिए रास्त बनाना होगा। इसे लेकर उनसे बातचीत होनी चाहिए।

- पारस महाम्ब

पूर्व भारतीय गेंदबाजी कोच, मोहम्मद शमी के बारे में बोलते हुए।

# खेल जगत



आज का खिलाड़ी

## रोहित शर्मा



भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा इन दिनों काफी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। वह लगातार गेंदबाजों को परेशान कर रहे हैं। रोहित अपने इस इरादे में सफल भी रहे हैं और उनकी इस तरह की बल्लेबाजी से भारतीय टीम को तेज शुरुआत भी मिल रही है। वहीं वनडे वर्ल्ड कप 2023 की बात करें या फिर टी20 वर्ल्ड कप 2024 की या फिर उसके बाद श्रीलंका के खिलाफ 3 मैचों की वनडे सीरीज की। रोहित ने हर जगह गेंदबाजों को अपनी बल्लेबाजी से परेशान किया। इसके दम पर वो अन्य भारतीय बल्लेबाजों के मुकाबले ज्यादा सफल भी रहे।

**क्या आप जानते हैं ?...** विश्वकप फुटबाल में पहली हैट्रिक करने का श्रेय फीफा अमेरिका के ब्रेट्रेम को जाता है, वहीं कुछ लोग अर्जेंटीना के गुलिरेमा स्टे विल को यह सम्मान देते हैं।

# रंग-बिरंगी आतिशबाजी के बीच पेरिस ओलंपिक का समापन

## बुझाई गई मशाल, हैंडओवर हुआ ओलंपिक फ्लैग





पेरिस, 12 अगस्त। 33वें ओलंपिक का समापन हो गया। फ्रांस की राजधानी पेरिस में आयोजित हुए इन खेलों ने पूरी दुनिया को एंटरटेन किया। अभूतपूर्व और रंगारंग कार्यक्रम के बीच विश्व में खेलों के सबसे बड़े महाकुंभ का जब समापन हुआ तो पेरिस ओलंपिक 2024 कमेटी के अध्य टोनी एस्टांगुएट ने अपनी स्पीच में कहा कि वह ओलंपिक खेलों का समापन हीं है, ये केवल उद्घाघटन समारोह की समाप्ति है औऱ विश्राम है, बल्कि खेलों को तो अनवरत होते रहना है। तीन घंटे तक चले इस समारोह की शुरुआत एक फ्रेंच गीत से हुई थी। स्टेड डी फ्रांस स्टेडियम ऑफ नेशंस के बाद बेल्जियम की पॉप सिंगर एंजेले वान वीक ने परफॉर्म किया।

इसके बाद ऑस्ट्रेलिया के गोल्डन वॉयजर बैंड ने ओलंपिक की खोज दिखाई, इशमें थॉमस जॉली ने डायरेक्ट किया था। इसके बाद पांच बार की ग्रैमी अवॉर्ड जीतने वाली गैब्रिएला सरमिएंटो विल्सन ने अमेरिका का नेशनल एंथम गाया। स्टेड डी फ्रांस से टॉम क्रूज ने स्टंट दिखाते हुए ओलंपिक ध्वस को लॉस एंजिलिस ले गए। वहां, पॉप गायिका बिलि एलिश, रैपर स्नूप डॉग और डॉक्टर ड्रे ने परफॉर्म किया। इस तरह मशाल बुझाकर 33वें ओलंपिक का समापन हुआ।

ओलंपिक फ्लैग हैंडओवर के बाद अमेरिकी नेशनल एंथम गाया गया। इसके बाद हॉलीवुड स्टार टॉम क्रूज की स्टेडियम में एंट्री हुई। वो अपनी बाइक पर ओलंपिक फ्लैग लेकर गए। उन्होंने अपनी बाइक को चार्टर्ड फ्लाइट में रखा। फिर हवा में डाइव लगाते हुए पैराशूट लैंडिंग के जरिए जमीन पर आए। यहां से उन्होंने साइकिल के जरिए ओलंपिक फ्लैग को अपनी जगह लॉस एंजिल्स के लिए भेजा, हॉलीवुड में अगले ओलंपिक की मेजबानी मिलने का जश्न मनाया गया। लोकप्रिय रॉक बैंड रेड हॉट चिली पेपर्स ने अपने हिट गाने कैन्ट स्टॉप से समा बांध दिया।

# भारतीय मुक्केबाजों से ओलंपिक में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद थी



नई दिल्ली, 12 अगस्त। निकहत ज़रीन और लवलीना बोरगोहेन जैसे मौजूदा विश्व चैंपियन खिलाड़ियों के बावजूद भारतीय मुक्केबाज पेरिस ओलंपिक में उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पाए और उन्हें बिना पदक के वापस लौटना पड़ा। विजेंदर सिंह के बीजिंग ओलंपिक 2008 में ऐतिहासिक कांस्य पदक जीतने के बाद भारतीय मुक्केबाजों से ओलंपिक में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद की जाने लगी थी।

इसके चार साल बाद एमसी मैरी कॉम ने लंदन ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था। रियो ओलंपिक 2016 में भारतीय मुक्केबाज पदक नहीं जीत पाए लेकिन तोक्यो ओलंपिक में लवलीना कांस्य पदक हासिल करने में सफल रही थी। इस परिदृश्य में उम्मीद की जा रही थी कि भारतीय मुक्केबाज पदक जीतने का सिलसिला जारी रखेंगे लेकिन उनका प्रदर्शन निराशाजनक रहा।

खेल केजानकारों का मानना था कि क्वालीफाई करने वाले छह मुक्केबाजों से दो नहीं तो कम से कम एक पदक की उम्मीद की जा सकती है। दो बार की विश्व चैंपियन जरीन (50 किग्रा), लवलीना (75 किग्रा) और विश्व चैंपियनशिप 2023 के कांस्य पदक विजेता निशांत देव (71 किग्रा)सभी को पोडियम पर पहुंचने का मजबूत दावेदार माना जा रहा था। लेकिन जब वास्तविक प्रतिस्पर्धा की बात आई तो भारतीय खिलाड़ियों में आवश्यक गति की कमी नजर आई। निशांत को अपवाद माना जा सकता है।

क्योंकि क्वार्टर फाइनल में विवादास्पद परिणाम के कारण वह पदक से वंचित हो गए। जहां तक जरीन और लवलीना का सवाल है तो वह अपनी मजबूत प्रतिद्वंदियोंके सामने संघर्ष करती हुई नजर आई। अमित पंघाल (51 किग्रा) अपनी पिछली फॉर्म को दिखाने में नाकाम रहे। लवलीना, पंघाल और निशांत को पदक सुरक्षित करने के लिए सिर्फ दो जीत की जरूरत थी।

# दमदार प्रदर्शन का इरादा, भारतीय यूथ महिला हैंडबॉल टीम वर्ल्ड चैम्पियनशिप के लिये चीन पहुंची

## टीम में राजस्थान की टीना, मुस्कान व मनीषा भारतीय टीम की कोच होगी प्रदेश की मनीषा



जयपुर, 12 अगस्त। चुझोउ (चीन) में 14 से 25 अगस्त तक होनी वाली यूथ महिला हैंडबॉल वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिये भारतीय यूथ महिला हैंडबॉल टीम ने क्वालीफाई किया है। वर्ल्ड चैंपियनशिप में भाग लेने वाली भारतीय टीम में राजस्थान की टीना, मुस्कान व मनीषा जाट चयन हुआ है। टीम की कोच राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद की हैंडबॉल कोच मनीषा राठौड़ को बनाया गया है। इस चैंपियनशिप में भाग लेने के लिये भारतीय टीम सोमवार को चीन पहुँच गयी।

राजस्थान राज्य हैंडबॉल संघ के मानद सचिव यश प्रताप सिंह ने बताया कि भारतीय टीम में राजस्थान से शामिल टीना, मुस्कान तथा मनीषा जाट राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद् द्वारा जयपुर में संचालित महिला हैंडबॉल अकादमी की खिलाड़ी हैं। इनमें टीना पीवट की पोजीशन पर, मुस्कान लेफ्ट बैक और मनीषा जाट राइट बैक की पोजीशन पर खेलती है।

रवानगी से पूर्व भारतीय टीम को इस चैंपियनशिप के लिए रवानगी से पूर्व भारतीय टीम को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के सुपुत्र हरीश नड्डा, हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के कार्यकारी निदेशक डा.आनन्देश्वर पाण्डेय व महासचिव डा. तेजराज सिंह ने वर्ल्ड चैंपियनशिप में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी। हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के महासचिव डा. तेजराज सिंह ने बताया कि भारतीय टीम की कप्तान हिमाचल प्रदेश की खुशी व उपकप्तान भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) की सुजाता को बनाया गया है। उन्होंने बताया कि इस चैंपियनशिप की तैयारी के लिए भारतीय टीम का प्रशिक्षण शिविर गत 31 जुलाई से 10 अगस्त, 2024 तक भारतीय खेल प्राधिकरण एनसीओई- गांधीनगर (गुजरात) में लगाया गया था। इस चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम के कोच एम.कार्तिकेयन (साई, एनसीओई गांधीनगर), सचिन चौधरी (रेलवे) व मनीषा राठौड़ (राजस्थान) बनाए गए हैं।

भारतीय टीम :- गोलकीपर : आरुषी, कनिका (हिमाचल प्रदेश), लवीषा (चंडीगढ़), राइट बैक :- रेणुका (हरियाणा), मुस्कान देवी (हिमाचल प्रदेश), मनीषा जाट (राजस्थान) सेंटर बैक :-सुजाता - उपकप्तान (साई), खुशी - कप्तान (हिमाचल प्रदेश)। लेफ्ट बैक :- काजल (हिमाचल प्रदेश), मुस्कान (राजस्थान), अनिका (हरियाणा)। राइट विंग :-काफी (हरियाणा), ईशू (साई)। पिवोट :-वैष्णवी (गोल्डन ईगल अकादमी, उत्तर प्रदेश), टीना (राजस्थान), तन्नु (साई)। लेफ्ट विंग :- तमन्ना (साई), पूजा (गोल्डन ईगल अकादमी, उत्तर प्रदेश)।

# दलीप ट्रॉफी पहले दौर का मैच बेंगलुरू में

## अश्विन और बुमराह को छोड़कर सभी सितारे खेलेंगे

बेंगलुरू, 12 अगस्त। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और सीनियर स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को छोड़कर भारत के कुछ नियमित स्टार दलीप ट्रॉफी के पहले दौर में खेलेंगे जिसे बीसीसीआई ने अनंतपुर की जगह बेंगलुरू में कराने का फैसला किया है। सीनियर बल्लेबाज विराट कोहली और रोहित शर्मा को छूट दी जा सकती है। टूर्नामेंट में भाग लेने का फैसला पूरी तरह से उन पर छोड़ा जायेगा। दलीप ट्रॉफी के पहले दौर के दो सेट के मैच आंध्रप्रदेश के अनंतपुर में पांच सितंबर से होने थे लेकिन अब उनमें से एक को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में कराया जायेगा ताकि लॉजिस्टिक की समस्या नहीं आये। अनंतपुर बेंगलुरू से 230 किलोमीटर दूर है और हवाई मार्ग से जुड़ा हुआ भी नहीं है। एक सूत्र ने बताया ," कुछ शीर्ष खिलाड़ियों की सुविधा के लिये यह फैसला लिया गया है ताकि उन्हें बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला से पहले लाल गेंद के क्रिकेट का अनुभव हो जाये।"

# गोल्ड मेडलिस्ट अरशद नदीम का पाक में जोरदार स्वागत



नई दिल्ली, 12 अगस्त। पाकिस्तान के गोल्ड मेडलिस्ट अरशद नदीम पेरिस ओलंपिक 2024 से अपने वतन लौट चुके हैं। जहां उनका एयरपोर्ट पर गर्मजोशी के साथ स्वागत हुआ। पेरिस ओलंपिक में अरशद नदीम ने 92.97 मीटर की दूरी पर भाला फेंकर गोल्ड मेडल जीता। इस थ्रो के कारण भारतीय जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा को दूसरा स्थान मिला था। ओलंपिक गोल्ड मेडल जीतकर इतिहास रचने वाले अरशद नदीम अपने घर लौट आए हैं। पाकिस्तान की तरफ से अरशद नदीम पर नकद पुरस्कार की बारिश हो रही है। लेकिन उनके ससुर ने इस बीच रिकॉर्डधारी थ्रोअर को उपहार में भैंस देकर सुर्खियां बटोरी हैं। बता दें कि, नदीम के गांव से ससुर मोहम्मद नवाज ने स्थानीय मीडिया को बताया कि उनके गांव में भैंस उपहार में देने का मतलब काफी मूल्यवान और सम्मानीय होता है। नदीम अपनी जड़ों से जुड़े हुए हैं और सफलता हासिल करने के बावजूद वह अपने गांव में अपने परिवार के साथ ही रह रहे हैं।



# जतिधाम आश्रम में फंसे सैकड़ों श्रद्धालुओं को रेस्क्यू कर निकाला

## जतिधाम आश्रम पर डिग्गी कल्याण पैदल यात्रा पर जाने वाले सौ से अधिक श्रद्धालु बरसाती नाले का पानी तेज आने से फंस गए थे

**सवाई माधोपुर,** (निसं)। जिले में तीन दिन से बारिश का दौर लगातार जारी है, जिसके चलते नदी- नाले उफान पर हैं। बरसाती नालों ने भी रौद्र रूप धारण कर रखा है। लगातार हो रही बरसात में कई जगह विकट हालात पैदा कर दिए हैं। जिसके चलते लोगों को परेशानियों का सामना भी करना पड़ रहा है।

■ **रेस्क्यू टीम ने नाले में बही एक महिला के शव को भी रेस्क्यू किया**



**सिविल डिफेंस टीम ने जतिधाम में फंसे हुए यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला।**

जिला मुख्यालय के निकट खंडार रोड कुशालीपुरा स्थित जतिधाम आश्रम पर डिग्गी कल्याण पैदल यात्रा पर जाने वाले सौ से अधिक श्रद्धालु यात्री बरसाती नाले का पानी तेज आने के कारण आश्रम में फंस गए, जिसकी सूचना लोगों ने पुलिस प्रशासन व जिला प्रशासन को दी तो वहां से निर्देश मिलते ही शहर पुलिस चौकी इंचार्ज जितेंद्र सिंह, सिविल डिफेंस इंचार्ज देवहंस गुर्जर टीम के साथ मौके पर पहुंचे। साथ में कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस तथा सिविल डिफेंस सहित पुलिस मित्र सुभम सीठा सहित स्थानीय लोगो के संयुक्त प्रयासों से जतिधाम में फंसे हुए यात्रियों को कड़ी मशक्कत करके सकुशल सुरक्षित बाहर निकाला। रेस्क्यू के दौरान वतन फाउंडेशन टीम के साथियों ने पुलिस और सिविल डिफेंस टीम के साथ यात्रियों को निकलवाने में मदद की। इस दौरान रेस्क्यू टीम को बताया गया कि इन यात्रियों में से कुछ यात्री स्वम नाला पार करने लगे तो उनमें से एक महिला बह गई जिसको लोगों ने तलाश भी किया लेकिन महिला नहीं मिली। उसके बाद पुलिस और सिविल डिफेंस की टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया और पानी में बही महिला के शव को निकाला। पानी में डूबने के कारण महिला की मौत हो गई। मृतक महिला कल्लो आदिवासी निवासी टारडा जिला श्योपुर मध्यप्रदेश की बताई जा रही है। मृतक महिला का शव कोतवाली पुलिस ने सामान्य चिकित्सालय की मोर्चरी पहुंचाया। रेस्क्यू के दौरान शहर पुलिस चौकी इंचार्ज जितेंद्र सिंह, पुलिस मित्र सुभम सीठा एवं सिविल डिफेंस टीम इंचार्ज देवहंस गुर्जर, कमलेश पूर्विया, पैगाम, परवेज, गणेश चौधरी, कमलेश मीणा, देशराज, हंसराज, सूबेदार नेन्नुलाल, राजेश, वतन फाऊंडेशन के मोइन खान, नरेन्द्र शर्मा सहित कई आमजन मौजूद रहे। रविवार को भी जिला मुख्यालय के ठींगला में पूरे वेग से बह रहे लटिया नाले में एक युवक बह गया था।

# रणथम्भौर के त्रिनेत्र गणेश मंदिर में फंसे 23 श्रद्धालुओं की जान बचाई

**जयपुर।** सवाई माधोपुर जिले में थाना कुन्दरा के अंतर्गत अतिवृष्टि के कारण रणथम्भौर के त्रिनेत्र गणेश मंदिर में फंसे 23 श्रद्धालुओं को रेस्क्यू रोप एवं लाइफ जैकेट की सहायता से एसडीआरएफ रेस्क्यू टीम ने बचाकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया।

एसडीआरएफ के कमांडेंट राजेंद्र सिंह सिसोदिया ने बताया कि रणथम्भौर के त्रिनेत्र गणेश मंदिर में दर्शन के लिए कुछ दर्शनार्थी आए हुए थे। क्षेत्र में हो रही अतिवृष्टि के कारण कुछ दर्शनार्थी वहीं फंस गए। इसकी सूचना मिलने पर आपदा राहत एवं बचाव के लिए सवाई माधोपुर में तैनात रेस्क्यू टीम सी-7 के प्रभारी हैड कांस्टेबल कंवर पाल सिंह को अविलम्ब घटनाएं स्थल के लिए रवाना होने के निर्देश दिए गए। रेस्क्यू टीम प्रभारी 10 जवानों की टीम तथा आपदा राहत उपकरणों के साथ शाम 6:15 बजे घटनास्थल पर पहुंचे। रेस्क्यू टीम के जवानों ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। रेस्क्यू टीम रोप रेस्क्यू उपकरणों की सहायता से मंदिर में फंसे दर्शनार्थियों के पास पहुंची। टीम ने रात 9:30 बजे तक मंदिर में फंसे कुल 17 दर्शनार्थियों को लाइफ जैकेट पहनाकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। बाकी दर्शनार्थियों के सुरक्षित होने पर रेस्क्यू ऑपरेशन सुबह तक के लिए स्थगित कर दिया गया। सोमवार सुबह फिर से रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। रेस्क्यू टीम रोप रेस्क्यू उपकरणों की सहायता से फिर मंदिर में फंसे दर्शनार्थियों के पास पहुंची और शेष बचे 6 दर्शनार्थियों को लाइफ जैकेट पहना कर रोप की सहायता से सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। कमांडेंट सिसोदिया ने बताया कि एसडीआरएफ रेस्क्यू टीम ने त्रिनेत्र गणेश मंदिर में फंसे कुल 23 दर्शनार्थियों को सुरक्षित रेस्क्यू कर एसडीआरएफ के स्लोगन आपदा सेवार्थ कटिबद्धता को पूर्ण रूप से चरितार्थ किया है।

# 80 हजार की रिश्वत लेते हैड कांस्टेबल को दबोचा

## मुकदमे में से नाम हटाने के लिए एक लाख रूपए की मांग की थी

**नागौर,** (निसं)। नागौर के सदर थाने में कार्यरत एक हैडकांस्टेबल को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने 80 हजार रूपए की रिश्वत लेते पकड़ा है। एसीबी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कल्पना सोलंकी ने बताया कि एक मुकदमे में से शिकायतकर्त्ता का नाम हटाने की एवज में 1 लाख रूपए की रिश्वत मांगी गई थी और फिर 80 हजार रूपए में सौदा तय हुआ था। ट्रैप की कार्रवाई सदर थाने के गेट पर ही की गई।

शिकायत के सत्यापन के दौरान आरोपी हैडकांस्टेबल ने शिकायतकर्ता से ये भी कहा कि 1 लाख रूपए लगेंगे लेकिन साहब से बात कर लो तो राशि कम भी हो सकती है, क्योंकि इसमें से 1 रूपया भी मेरा नहीं है। एसीबी के अनुसार मामले में "साहब" का नाम सदर थाने के सीआई का लिया जा रहा है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की एएसपी कल्पना सोलंकी ने बताया कि डुकोसी निवासी राधाकिशन ने शिकायत देते हुए बताया था कि जोधपुर रोड पर उसकी होटल है। गत दिनों वहां एक युवक व युवती आए थे, इसके बाद युवती के परिजन भी मौके पर पहुंचे थे और परिजनों ने युवक व युवती के अविवाहित होने के बावजूद होटल में रूम देने को लेकर पहले राधाकिशन से बहस की और सदर पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज करवा दिया।

हैडकांस्टेबल ने मुकदमे में से राधाकिशन का नाम हटाने के लिए एक लाख रूपए की मांग की थी। परिवादी एसीबी में शिकायत देने के बाद हैडकांस्टेबल को एक लाख रूपए बतौर रिश्वत देने को तैयार हो गया। सोमवार को परिवादी रिश्वत की राशि लेकर सदर थाने पहुंचा और हैडकांस्टेबल जालम सिंह ने उससे 80 हजार रूपए ले दिए और 20 हजार रूपए वापस कर दिए, इसके तुरंत बाद एसीबी की टीम ने हैड कांस्टेबल की जेब से रूपए बरामद कर लिए। इससे पहले एसीबी नागौर की एएसपी कल्पना सोलंकी ने शिकायत का सत्यापन किया। इसके बाद पूरी तैयारी के साथ आज एसीबी की टीम के साथ ट्रैप की कार्रवाई करते हुए आरोपी को परिवादी से 80 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से पूछताछ व अन्य कार्रवाई जारी है। एसीबी ने मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ की है।

# ट्रेलर व बाइक की भिड़ंत, तीन युवकों की मौत

**उदयपुर,** (कासं)। शहर के समीप स्थित कुराबड़ थाना क्षेत्र में ट्रेलर व बाइक की आमने सामने हुई भिडंत में तीन युवकों की दर्दनाक मौत हो गई।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार कुराबड़ थानाक्षैत्र में कुराबड़ पंचायत समिति के सामने बम्बोरा की तरफ से आ रही बाइक व उदयपुर की तरफ से जा रहे ट्रेलर आमने-सामने भिड़ गए। हादसे में बाइक सवार अजय (21) पुत्र भैरूलाल मीणा निवासी लालपुरा, युवराज (20) पुत्र प्यारेलाल मीणा निवासी बुढल व पुष्कर पुत्र वालचंद मीणा निवासी बुढल की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे को देख चालक ट्रेलर को छोड़ मौके से भाग गया। सूचना पर कुराबड़ थानाधिकारी चेलसिंह ने मौके पर पहुंचकर मृतकों के शवों को कुराबड़ चिकित्सालय मोर्चरी पहुंचाया।

तीनों युवक बाइक पर ईडाणा माता के दर्शन कर लौट रहे थे। जहां बीच रास्ते हादसा हो गया। घटना के बाद परिजनों ने मुआवजें की मांग को लेकर हंगामा कर दिया। थानाधिकारी मय जाप्ते द्वारा समझाइश की गई और सरकारी योजनानुसार मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। पुष्कर बीएसटीसी कर टीचर बनने की तैयारी कर रहा था वहीं अजय व युवराज पढ़ाई कर रहे थे।

# हिंडौन में तीसरे दिन भी छह घण्टे में चार इंच बारिश

**हिंडौन सिटी,** (निसं)। गत तीन दिनों से हिंडौन शहर सहित आसपास के क्षेत्र में हो रही बादलों की बेरहमी सोमवार को भी बरकरार रही और छह घंटे में फिर चार इंच बारिश दर्ज हुई। इस दौरान जलसन तालाब ओवरफ्लो हो गया तो वहीं एक दर्जन से ज्यादा बांध और तालाब लबालब हो गये हैं। शहर में पैदा हुए बाढ़ के हालातों से जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त है। जनप्रतिनिधि और अधिकारी बाढ़ग्रसित क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं तो वहीं प्रशासन और आमजन की ओर से लोगों को रसद सामग्री पहुंचाने का भी काम किया जा रहा है।

■ **क्षेत्र में अतिवृष्टि से बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए हैं, बाजार में तीन दिन से लबालब पानी भरा हुआ है**



**कटरा बाजार की कॉलोनी से एक बुजुर्ग को एसडीआरएफ व एनडीआरएफ के जवानों ने सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया।**

जानकारी के अनुसार गत शनिवार से क्षेत्र में भारी बारिश का दौर शुरू हुआ, जिसमें सोमवार को भी सुबह चार बजे से दस तक फिर से झमाझम बारिश हुई। इस दौरान छह घंटे में चार इंच बारिश दर्ज हुई। गौरतलब है कि शनिवार को चार इंच, रविवार को साढे चार इंच और सोमवार को फिर चार इंच बारिश दर्ज हुई है। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार 1 जून से लेकर अब तक हिंडौन क्षेत्र में 612 एमएम बारिश दर्ज हुई है जिसमें से 312 एमएम बारिश गत 3 दिनों में दर्ज हुई है। इस तरह कहा जा सकता है कि मौसम की अब तक की आधी बारिश केवल तीन दिनों में हुई है। शहर से बिल्कुल सटे हुए जलसैन तालाब में भी पानी की भारी आवक हो गई है जिससे जलसैन तालाब ओवरफ्लो हो गया है और पाल के ऊपर से पानी जा रहा है। यह पानी शहर में घुस रहा है। जिससे पहले से ही लबालब कॉलोनी में जलस्तर और बढ़ गया। इस तरह क्षेत्र में अतिवृष्टि से बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए हैं। बाजार में तीन दिन से लबालब पानी भरा हुआ है। कई कॉलोनी में तो 5 से 6 फीट तक पानी भरा हुआ है। इधर मौसम विभाग आगामी 72 घंटे में क्षेत्र में फिर से भारी बारिश की चेतावनी दे रहा है।

सोमवार को भी संभागीय आयुक्त सांवरमल वर्मा व जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना सहित कई आला अधिकारी डेरा डाले रहे। बाढ़ग्रसित क्षेत्र में फंसे लोगों को भोजन के पैकेट, दूध व अन्य रसद सामग्री पहुंचाने के के लिए नगर परिषद प्रशासन के अलावा क्षेत्र के समाजसेवी व आसपास के गांवों से जनप्रतिनिधि व अन्य लोग भी जुटे हुए हैं।